Need to accelerate the pace of work on Chirmiri Railway Line Project in Jharkhand.-laid

श्री काली चरण सिंह **(चतरा) :** मैं भारत सरकार के रेल मंत्रालय का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र चतरा (झारखंड) अंतर्गत चिरमिरी रेल लाइन परियोजना की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । यह परियोजना न केवल झारखंड, बल्कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों के कई पिछड़े क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस रेल लाइन के कार्यान्वयन से क्षेत्रीय संपर्कता बढ़ेगी, परिवहन लागत में कमी आएगी, और इन राज्यों के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा । विशेष रूप से रेल लाइन के शुरू होने पर झारखंड से महाराष्ट्र की दूरी लगभग 400 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी । इस विषय पर मेरी माननीय रेल मंत्री से पूर्व में चर्चा भी हुई थी और उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया था कि मंत्रालय इस दिशा में आवश्यक पहल करेगा । किंतु खेद का विषय है कि अब तक इस परियोजना की प्रगति अथवा वर्तमान स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है । अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि चिरमिरी रेल लाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति की शीघ्र समीक्षा कर इसे प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वित किया जाए, जिससे संबंधित क्षेत्रों की जनता को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके ।